भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **3049**

दिनांक 12 मार्च , 2020 / 22 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम बंगाल में विमानपत्तन

3049. श्री खलीलुर रहमान:

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक विमानपत्तन स्थापित करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 'उड़ान' योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में कितने नए विमानपत्तनों को स्वीकृति दी गई है;

(घ) क्या सरकार का आगामी वर्षों में देशभर में और अधिक ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों की स्थापना का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): जी नहीं। भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय को ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक हवाईअड्डा स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): कार्यान्वयन एजेंसी-भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), ने क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत आरसीएस उड़ानों के प्रचालनों के लिए बोली प्रक्रिया के तीसरे दौर तक पश्चिम बंगाल के कूच बिहार, बर्नपुर, दुर्गापुर, कलाईकुंडा और हासीमारा नामक 5 (पांच) हवाईअड्डे एवार्ड किए हैं। तथापि, चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) द्वारा एसएओ करार का अनुपालन न किए जाने की वजह से बर्नपुर और कूच बिहार को जोड़ने वाले आरसीएस मार्ग रद्द किए जा चुके हैं।

(घ) और (ङ.): जी हां। भारत सरकार ने देश भर में 16 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया है, जिनके नाम हैं, गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में बीजापुर, हासन और शिमोगा, मध्य प्रदेश में दतिया (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और हीरासर, पुदुच्चेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगादर्थी, भोगपुरम और आरवाकल और अरुणाचल प्रदेश में होलोंगी और ईटानगर।

*****